आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 12.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

............................

- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी–मतदान दलों की रवानगी आज से।
- जयपुर में आज राइजिंग राजस्थान आईटी और स्टार्टअप प्री–समिट का आयोजन किया जा रहा है।
- प्रदेशभर में आज देवउठनी एकादशी का उल्लास–मांगलिक कार्यो की हो रही शुरूआत।
- जैसलमेर में गिद्धो की आवक से प्रकृति प्रेमियों में खुशी की लहर।

............................

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इसके लिए मतदान दलों की रवानगी आज से शुरू हो रही है। इससे पहले कल शाम उप चुनाव के लिए होने वाला प्रचार थम गया। 48 घंटो के इस साइलेंस पिरीयड के दौरान चुनावी रैलियों, सभाओं और जुलुस पर प्रतिबंध रहेगा। अब प्रत्याशी और विभिन्न दलों के समर्थक घर–घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। श्री महाजन के अनुसार विधानसभा उप चुनाव के लिए एग्जिट पोल के प्रसारण पर भी प्रतिबंध लागू हो गया हैं। ये 20 नवंबर की शाम तक प्रभावी रहेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी चुनाव प्रकिया के लिए सुरक्षा के कडे बंदोबस्त किये गये है। इसके लिए 9 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी नियुक्त किये गये है। उपचुनाव के लिए कुल 1 हजार 915 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें से 1 हजार 122 मतदान केन्द्रों पर लाईव वेबकास्टिंग की जायेगी। मतदान कक्षों के बाहर भी कैमरों से नजर रखी जायेगी। दौसा, रामगढ़, झुंझुनूं, चौरासी, खींवसर, देवली उनियारा और सलुंबर विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिये 19 लाख 36 हजार से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नागौर में तीसरे प्रशिक्षण के बाद आज मतदान दलों की रवानगी होगी। उधर टोंक के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से आज मतदान दल देवली उनियारा के लिए रवाना होंगे। दौसा में भी मतदान को लेकर व्यापक बंदोबस्त किये गये है।

............................

उप चुनाव वाले क्षेत्रों में कल सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर से लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान इन विधानसभा क्षेत्रों में अवैध वस्तुओं की लगातार धरपकड की जा रही हैं। उप चुनाव वाले 7 जिलों में अब तक कुल 126 करोड़ रूपये से अधिक की नकद राशि, शराब और अन्य वस्तुएं जब्त की जा चुकी है। सबसे ज्यादा बरामदगी दौसा से की गई है।

............................

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत आज जयपुर में आईटी और स्टार्टअप प्री–समिट आयोजित किया जा रहा है। इस समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। प्री–समिट में तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में निवेश करारों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस दौरान डिजिटल राजस्थान यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक वितरित किये जाएंगे। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि प्री–समिट में राजस्थान में डिजिटल बदलावों की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा।

............................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल इण्डोनेशिया के बाली के विधानसभा सदन का अवलोकन किया। श्री देवनानी ने वहां के विधानसभा चेयरमैन देवा मैड से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच भाषा, पर्यटन, शिक्षा, रोजगार और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों तथा विधान सभाओं की कार्यवाही, प्रणाली और सदन संचालन पर चर्चा की। श्री देवनानी ने बाली विधान सभा में योग–ध्यान अभ्यास कार्यक्रम शुरु करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने बाली सरकार को भारत और राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किये जाने का निमंत्रण भी दिया।

............................

आज देवउठनी एकादशी है। इसे देवोत्थान एकादशी और देव प्रबोधनी एकादशी भी कहा जाता है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाये जाने वाले इस पर्व के साथ ही आज से विभिन्न मांगलिक कार्यो की शुरूआत हो रही है। विभिन्न स्थानों पर तुलसी शालिगराम का पूजन किया जा रहा है। अबूझ मुहुर्त होने के कारण विवाह समारोहो की भी धूम रहेगी। पाली, भीलवाडा, केकडी, शाहपुरा, जैसलमेर, सवाईमाधोपुर सहित सभी स्थानों पर देव उठनी एकादशी के अवसर पर मंदिरों में विभिन्न आयोजन हो रहे है। करौली के अंजनी माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड है। करौली में जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर अवकाश घोषित किया है। बृज क्षेत्र भरतपुर में भी देव उठनी एकादशी का उल्लास है। श्रद्धालु सरोवरों और जलाशयों में पवित्र स्नान कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। उधर पुष्कर में आज से पंच तीर्थ स्नान शुरू हो रहा है। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने कई व्यवस्थाएं की है। रेल यात्रियों की सुविधा के लिए अजमेर से पुष्कर के बीच तीन विशेष रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

............................

बांसवाडा के त्रिपुर सुंदरी मंदिर में आज प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। वहीं सीकर के प्रसिद्ध स्थल खाटूश्याम जी मंदिर में आज जन्मोत्सव की रौनक हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि देशभर से भक्तगण बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंच रहे है।

.....

............................

पुष्कर पशु मेले में अब तक करीब 1100 पशुओं की बिक्री हुई है। इससे 4 करोड़ 34 लाख रूपये से अधिक का कारोबार हुआ है। उधर झालावाड़ जिले के झालरापाटन में आज से चन्द्रभागा पशु मेले की शुरूआत हो रही है। राज्यस्तरीय ये मेला 20 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान तीन दिन का पर्यटन मेला भी आयोजित होगा।

............................

जैसलमेर जिले में कई स्थानों पर गिद्धो की आवक शुरू हो गई हैं। जिले के धोलिया, भादरिया, ओरण गांव के साथ ही राष्ट्रीय मरू उद्यान में भी गिद्ध नजर आ रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने में गिद्धो की बडी भूमिका है। इनकी आवक से प्रकृति प्रेमियों में खुशी की लहर है।

............................